# कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
## 23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

Website: https:\\updeled.gov.in e-mail :secretarypnp.up@gmail .com, updeled.gmail.com

## विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण–2025, अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत लिये गये प्रवेश को ऑनलाइन फीड किया जाना

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025 प्रवेश/चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत शासनादेश सं0 1169/अरसठ–4–2025–2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 12.11.2025 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त के बिन्दु सं0 11 में अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा आवंटित सीटों के सापेक्ष 50 प्रतिशत सीटों पर स्वयं प्रवेश की कार्यवाही किये जाने एवं बिन्दु सं0 11 (vi), (vii) एवं (viii) में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत लिये गये प्रवेश को ऑनलाइन फीड किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

शासनादेश दिनांक 12.11.2025 के बिन्दु सं0 11 के उक्त उपबिन्दु (vi), (vii) एवं (viii) में दिये गये निर्देश के अनुपालन में **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2025** के अन्तर्गत **अल्पसंख्यक संस्थाओं द्वारा अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत** प्रवेश लिये गये अभ्यर्थियों का विवरण, वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर उपलब्ध कॉलेज लॉगिन/पासवर्ड के माध्यम से फीड किये जाने एवं लिये गये प्रवेश की सूची को डायट द्वारा स्वीकृत किये जाने हेतु समय–सारिणी निम्नवत् है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत प्रवेश लिये गये अभ्यर्थियों का विवरण, कालेज लॉगिन पर पूरित किये जाने की तिथि** | दिनांक 18.03.2026 (अपराह्न) से दिनांक 25.03.2026 तक |
| 2 | **डायट द्वारा जनपद के अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा पूरित किये गये डाटा का अभिलेखीय मिलान करते हुए, लिये गये प्रवेश को ऑनलाइन स्वीकृत करने की अंतिम तिथि** | दिनांक 20.03.2026 (अपराह्न) से दिनांक 27.03.2026 (सायं 05:00 बजे तक) |

**नोट –**

1. अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा, निर्दिष्ट वेबसाइट पर कॉलेज लॉगिन/पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन करते हुए अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत प्रवेश लिये गये अभ्यर्थियों का सम्पूर्ण विवरण (नाम/पिता/माता का नाम/जन्मतिथि/वर्ग/शैक्षिक विवरण/ फोटो/हस्ताक्षर अपलोड इत्यादि) पूरित किया जाएगा।
2. अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा ऑनलाइन फीड किये गये अभ्यर्थियों की सूची/ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट एवं संगत अभिलेख सम्बन्धित जनपद के डायट के समक्ष अभिलेखीय मिलान हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।
3. अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत लिये गये प्रवेश के आवेदन पत्र पर अंकित प्रविष्टियों का मिलान डायट द्वारा अभ्यर्थियों के अभिलेखों से किये जाने के उपरान्त, डायट लॉगिन पर संस्थावार/अभ्यर्थियों की सूची को, डायट द्वारा **निर्धारित अंतिम तिथि 27.03.2026 तक**, **Approve** कर लिये गये प्रवेश को मान्य किया किया जाएगा। डायट द्वारा Approve न किये जाने पर अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत लिया गया प्रवेश मान्य नहीं होगा।
4. प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत प्रवेश लिये गये अभ्यर्थियों की सूचना निर्धारित अवधि तक अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा विभागीय वेबसाइट पर फीड न किये जाने पर/निर्धारित अवधि तक डायट द्वारा Approve न किये जाने पर, लिया गया प्रवेश मान्य नहीं किया जाएगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन विचारणीय नही होगा।

13.3.2026

**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
**सचिव,**
**परीक्षा नियामक प्राधिकारी**
**उ0प्र0, प्रयागराज**

**पृ0सं0/ डी0एल0एड0 प्रशि0 2025/** 6299–6304 **/2025–26 दिनांकः 13 मार्च, 2026**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।